सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली –११००९२

सत्र: २०२४ - २०२५

कक्षा:-पाँचवीं | हिंदी व्याकरण: | पाठ: संज्ञा

परिभाषा:-किसी व्यक्ति, वस्तु , अथवा भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं।

जैसे -राम, रामायण , किताब , ,कानपुर ,लखनऊ , मित्रता ,बुढ़ापा आदि

संज्ञा के भेद:- संज्ञा के तीन भेद होते हैं।

१-व्यक्तिवाचक संज्ञा

२-जातिवाचक संज्ञा

३-भाववाचक संज्ञा

(१)व्यक्तिवाचक संज्ञा-किसी विशेष व्यक्ति , वस्तु अथवा स्थान के नाम को व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं।

**<u>गंगा भारत</u> की पवित्र नदी है।

** <u>ताजमहल आगरा </u>में स्थित है।

(२)जातिवाचक संज्ञा- किसी प्राणी ,स्थान अथवा वस्तु की संपूर्ण जाति का बोध कराने वाले शब्द जातिवाचक संज्ञा कहलाते हैं।

**<u>बच्चे</u> दूध पीते हैं।

**<u>गाय</u> घास खा रही है।

(३)भाववाचक संज्ञा-किसी व्यक्ति ,वस्तु या स्थान के भाव गुण दोष दशा आदि का बोध कराने वाले शब्द भाववाचक संज्ञा कहलाते हैं।

****<u>मोटापा</u> बीमारी है।**

****ठंडा जल <u>शीतलता</u> प्रदान करता है।**